माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 225 पेज 6, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
09 फरवरी 2025 रविवार

आज का मौसम
27 अधिकतम
10 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-5

## प्रवेश वर्मा समेत तीन नामों पर विचार, नई दिल्ली विस सीट का संयोग या दूसरा योग

# आतिशी का इस्तीफा, दिल्ली विधानसभा भंग, नए शाह के नाम पर बढ़ा सस्पेंस

**नईदिल्ली, दोपहर मेट्रो**

चुनाव परिणाम आने के बाद अब दिल्ली में नजरें नए मुख्यमंत्री के चेहरे पर है। मौजूदा मुख्यमंत्री व आप नेता आतिशी ने आज राजभवन पहुंचकर अपना इस्तीफा उपराज्यपाल को सौंप दिया है। इस बीच आज सुबह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच बैठक में दिल्ली की नई सरकार की रूपरेखा पर चर्चा हुई है। कल भी नतीजे आने के बाद प्रवेश वर्मा ने शाह से मुलाकात की थी। इधर भाजपा के सामने दुविधा है कि वह महिला के हाथ में दिल्ली की कमान सौंपें फिर किसी अनुसूचित जाति, सिख, पूर्वांचली, जाट-गुर्जर समाज से आने वाले नेता को यह दायित्व दे। वहीं दिल्ली प्रदेश भाजपा ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। सिर्फ विधायक दल की बैठक के फैसले पर जोर है।

दरअसल पिछले 27 साल से दिल्ली में यह ट्रेंड देखने को मिला है कि जो नेता नई दिल्ली विधानसभा सीट जीतता है, वही मुख्यमंत्री बनता है। कांग्रेस के शासनकाल में नई दिल्ली विधानसभा सीट से जीतने वाली शीला दीक्षित लगातार तीन बार मुख्यमंत्री बनीं। इसी सीट पर शीला दीक्षित को करारी शिकस्त देने के बाद अरविंद केजरीवाल भी तीन बार मुख्यमंत्री बने। यदि यह परंपरा कायम रहती है तो सबसे मजबूत दावेदारी प्रवेश वर्मा की ही है। वे केजरीवाल को हराकर विधानसभा पहुंचे है तथा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे भी हैं तथा जाट समुदाय से भी आते है। भाजपा का मानना है कि वर्मा से दिल्ली यूपी, हरियाणा और राजस्थान में भी पार्टी को फायदा मिल सकता है। जानकार सूत्रों का कहना है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समेत कई वर्ग के नामों पर विचार की प्रक्रिया आज शुरू कर दी गई है। लेकिन इसमें कुछ दिन लग सकते हैं।

### 12 सीटों पर गए सीएम यादव, 11 पर जीत

इधर मप्र से दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार करने गए नेताओं के स्ट्राइक रेट भी निकाले जाने लगे हैं। सीएम मोहन यादव ने 12 सीटों पर प्रचार किया था, उनमें से भाजपा को 11 सीटों पर जीत मिली है। यादव ने मालवीय नगर, नफजगढ़, उत्तम नगर, विकासपुरी, नांगलोई, त्रिनगर, बादली, मुस्तफाबाद, रोहिणी, मादीपुर, हरीनगर सीटों पर सभा व संपर्क किया था। सिर्फ सीलमपुर सीट में भाजपा को हार मिली। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, नरोत्तम मिश्रा की मेहनत भी रंग लाई है। मिश्रा ने प्रभार वाली सीटों पर भी भाजपा जीती है। मिश्रा एक माह से अधिक समय तक दिल्ली में ही रहे। उन्हें आप के प्रभाव वाली पालम व राजेन्द्र नगर सहित दक्षिण दिल्ली कि आधा दर्जन सीटों का प्रभारी बनाया गया था।



### पीएम मोदी के लौटने के बाद होगी शपथ

चुनाव नतीजों के दूसरे दिन मुख्यमंत्री आतिशी साढे ग्यारह बजे एजी सेक्रेटेरिएट पहुंचीं व वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। जिसके बाद एलजी ने दिल्ली विधानसभा भंग करने अधिसूचना जारी कर दी है। इधर पीएम मोदी दो देशों के दौरे पर जा रहे हैं। इसलिये माना जा रहा है कि दिल्ली सीएम का शपथ ग्रहण समारोह उनके लौटने के बाद ही होगा। भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीती हैं। आम आदमी पार्टी को 40 सीटों का नुकसान हुआ वह 22 सीटों पर सिमट गई। 14 सीटों पर वह कांग्रेस की वजह से हारी है। यानि दोनो का गठबंधन होता तो 37 पर जीत होती व भाजपा 34 सीटों पर सिमट जाती।

### अब मप्र के अध्यक्ष पर फैसले की घड़ी

दिल्ली चुनाव के बाद अब मप्र में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव पर सभी की नजरें ठहर गई हैं। यहां जिलाध्यक्षों की घोषणा के बाद अब धर्मेंद्र प्रधान का इंतजार है जो रायशुमारी आदि के लिये यहां पहुंचने वाले हैं। मप्र में सोशल इंजीनियरिंग के तहत सामान्य या अजाजजा वर्ग के नेता को यह पद मिलने के आसार ज्यादा है। मौजूदा अध्यक्ष वीडी शर्मा खुद भी इसके लिए प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। इनके अलावा नरोत्तम मिश्रा, राजेंद्र शुक्ला, हेमंत खंडेलवाल, सुमेर सिंह सोलंकी,फग्गन सिंह कुलस्ते के नामों की भी चर्चा है।

## बडा ऑपरेशन: छग में 12 नक्सलियों को मार गिराया

**बीजापुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए. सुरक्षा बलों के 4 जवान भी गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में बीजापुर और नारायणपुर से लगी महाराष्ट्र की सीमा पर रविवार सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम एंटी-नक्सल ऑपरेशन पर थी. बस्तर पुलिस ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है। बस्तर पुलिस ने कहा कि मारे गए नक्सलियों की संख्या ज्यादा भी हो सकती है. मुठभेड़ की जगह से ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं. छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल लगातार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं. डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ, सी-60 के जवान इलाके में तलाशी अभियान चला रहे हैं. पिछले महीने छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सीमा पर जंगलों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गए थे. इनमें 90 लाख का इनामी नक्सली चलपति भी शामिल था।

## छत्तीसगढ़ में जहरीली शराब से 7 मौतें, कई गंभीर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में पिछले चार दिन में जहरीली शराब पीने से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। चार अन्य की हालत गंभीर है। उनका सिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना कोनी के लोफंदी में हुई। मरने वालों में गांव के सरपंच का भाई भी शामिल है। , सरपंच रामाधर सुन्हाले ने कहा कि पिछले चार दिनों में गांव में नौ लोगों की मौत हुई। जब प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस गांव में पहुंची तो एक शव को छोड़कर सभी अंतिम संस्कार किया जा चुका था। इस शव को पोस्टमार्टम के लिए छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर भेजा गया है।

## सतना: दो वाहनों की टक्कर में तीन मौतें

**सतना, एजेंसी।** बीती रात बोलेरो और पिकअप वाहन की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। 10 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में मां-बेटे और नाना शामिल हैं। यह हादसा सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर बड़े हनुमानजी मंदिर के पास रात करीब डेढ़ बजे हुआ। टक्कर के बाद पिकअप पलट गया। इससे ट्रैफिक जाम हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से पिकअप हटाकर रास्ता साफ कराया। बोलेरो में दमोह के लोग सवार थे, जो प्रयागराज महाकुंभ से चित्रकूट होते हुए लौट रहे थे। पिकअप वाहन में सवार लोग जबलपुर से प्रयागराज जा रहे थे। इनमें से तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## वसंत में पहली बार पारा 5 के नीचे, आज से सुधरेगा मौसम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** फरवरी महीने में पहली बार मध्यप्रदेश में रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंचने का रेकार्ड भी बन गया। बीती रात शहडोल के कल्याणपुर में पारा 4.5 डिग्री रहा। वहीं, भोपाल समेत 17 शहरों में ठंड रही व तापमान 10 डिग्री के नीचे रहा। हालांकि आज रविवार से मौसम में फिर से बदलाव का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, अब दिन-रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की बग़ैतरी हो सकती है। दरअसल उत्तर भारत में बर्फबारी होने से प्रदेश में भी ठंड का असर नजर आ रहा है। पिछले चार दिन से दिन-रात के टेम्प्रेचर में गिरावट देखने को मिल रही है।

## ट्रक से टकराई बस आग का गोला बनी, 41 मृत

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** दक्षिणी मैक्सिको में एक सड़क हादसे में 41 लोगों की मौत की खबर है। बस में 48 यात्री सवार थे, जिसकी एक ट्रक से टक्कर हो गई। बस कैनकन से टबैस्को आ रही थी। इस हादसे में बस में सवार 38 यात्रियों दो ड्राइवरों के अलावा ट्रक ड्राइवर की भी मौत हो गई। टक्कर के बाद बस आग की लपटों में घिर गई और पूरी तरह से जल गई। आग बुझने के बाद सिर्फ बस फ्रेम के अवशेष बचे थे। अधिकारियों के साथ मिलकर यह पता लगाने के लिए काम हो रहा है कि हादसे के पीछे क्या कारण थे और क्या बस गति सीमा के भीतर ट्रैवल कर रही थी।

# 110 दुकान, 384 मकान ढहाने पहुंचे डेढ़ सौ अफसर व 1000 पुलिसकर्मी, रास्ते सील

## भोपाल में तड़के 5 बजे से एक्शन में प्रशासन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आज तड़के राजधानी की मोतीनगर बस्ती में पक्के निर्माण,अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। इस दौरान पुलिस ने चारों तरफ से एक किमी दूर बेरिकेड्स लगाकर आवाजाही में रोक लगा दी। कार्रवाई के दौरान 4 एसडीएम, 4 तहसीलदार, 10 नायब तहसीलदार, 10 राजस्व निरीक्षक, 50 पटवारी, 50 कोटवार तैनात किए गए हैं। - वही, 200 से अधिक पुलिस कर्मियों का बल भी यहां तैनात किया गया।

मीडिया को भी इलाके में जाने की अनुमति नहीं दी गई। यह अतिक्रमण सुभाष नगर फ्लाइओवर की थर्ड लेग के लिए हटाया जा रहा है। इधर विरोध और हंगामे को देखते हुए पुलिस ने कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को उनके घर में नजरबंद कर दिया। ब्रिज की थर्ड लेन के लिए यहां के कुल 384 मकान और 110 पक्की दुकानें हटाई जानी है। हालांकि बीते दो दिन में कई दुकानदारों ने सामान हटा लिया। जिन्होंने नहीं हटाया, उन्हें आज कार्रवाई कर प्रशासन द्वारा हटाया जा रहा है। इसके लिये रचनानगर, रायसेन रोड, सुभाष नगर और पुल बोगदा की तरफ बैरिकेडिंग की गई है। किसी को भी आने जाने नहीं दिया जा रहा है। सुभाष नगर ब्रिज के दोनों तरफ पुलिस तैनात है। ब्रिज के ऊपर से ट्रैफिक बंद कर दिया गया है।




## मप्र: मंत्रियों को कल शाम तक करने होंगे उच्च प्राथमिकता वाले तबादले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मोहन सरकार ने उच्च प्राथमिकता वाले तबादलों के लिए हाल में मंजूर की तबादला नीति में संशोधन कर दिया है। अब मंत्रियों को उच्च प्राथमिकताओं वाले तबादले दो दिन में रविवार शाम तक करने होंगे। इसके बाद जीआइएस तक कोई तबादला नहीं होगा। माना जा रहा है कि यह निर्णय सरकार ने जीआईएस की तैयारियों को देखते हुए लिया है। असल में सीएम यादव ने बादला नीति की समीक्षा की थी। जिसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन समेत प्रमुख अधिकारियों को बुलाया था। इसमें तय किया कि जीआईएस राज्य के लिए बड़ा विषय है, जिसे सफल बनाना सबसे पहली प्राथमिकता है इसके लिए 10 फरवरी तक सभी विभाग प्रमुख प्राथमिकताओं वाले काम निपटा लें। लंबी चर्चा के बाद सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागों को इसके निर्देश जारी कर दिए।



## महाकुंभ के लिए रीवा में महाजाम के हालात, कई राज्यों के वाहन फंसे

**रीवा/प्रयागराज, एजेंसी**

महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसका दबाव उप्र से सटी मप्र की सीमाओं पर पड़ रहा है। बीते 48 घंटे से रीवा सीमा चाकघाट पर वाहनों का दबाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां तकरीबन 28 किलोमीटर लंबा जाम लगा है, जाम में फंसे लोगों का कहना है कि उन्होंने 8 घंटे में महज अब तक केवल 20 किलोमीटर की ही दूरी तय कर पाए हैं। दूसरी तरफ महाकुंभ मेला स्थल पर भी श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। संगम पहुंचने के सभी रास्तों में 5 से 7 किमी लंबा जाम है। पूरे प्रयागराज में जाम की स्थिति है। प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया है। इधर आज रीवा में फंसे श्रध्दालुओं के वाहन रेंग रहे हैं। सुबह से ही सतना, कटनी, जबलपुर की ओर से आने वाले वाहनों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। नेशनल हाईवे 27 पर सात राज्य छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल एवं मध्य प्रदेश के श्रद्धालु के वाहनों की बड़ी संख्या में खड़े हुए हैं। दूसरी तरफ रीवा जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं के दावे बेदम हो चुके हैं। नेशनल हाईवे पर जाम में फंसे हुए



श्रद्धालुओं की मदद करने ग्रामीण आगे आए हैं। उनके द्वारा जहां श्रद्धालुओं को भोजन की व्यवस्था की जा रही है, वहीं रात के समय उन्हें रुकने के लिए भी जगह दी जा रही है। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने अलाव की व्यवस्था कर रखी है। दरअसल अमृत स्नान के बाद प्रबंधन एवं सीमावर्ती जिला यानी रीवा जिला प्रशासन इस बात का अंदाजा लगाकर पहले से बैठा था कि अमृत स्नान के बाद सब कुछ सामान्य हो जाएगा। लेकिन अमृत स्नान से उलट अब सामान्य दिनों में भी भीड़ बढ़ी हुई।

## हसीना समर्थकों पर अंकुश के लिए ऑपरेशन डेविल हंट का कहर

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार का एक्शन पूर्व पीएम शेख हसीना के समर्थकों के लिये आतंक की तरह हो चला है। अंतरिम सरकार के फैसलों से लगता है कि देश से शेख हसीना का नामोनिशान मिटा दिया जाएगा। लिहाजा अब बांग्लादेश में 'ऑपरेशन डेविल हंट' अभियान शुरू किया गया है। दरअसल, बांग्लादेश में एक बार फिर से अशांति है और देश में दर्जनों जगहों पर भीड़ ने शेख हसीना समर्थकों और उनकी पार्टी के नेताओं को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बीते दिनों कम से कम 24 जिलों में शेख हसीना की पार्टी के बड़े नेताओं के घर जलाए गये। कई जगहों पर भीड़ की स्थानीय लोगों के साथ भी झड़पें हुई हैं। जिसके बाद 'ऑपरेशन डेविल हंट' अभियान शुरू किया गया है।

# हर तरफ ट्रैफिक जाम










भोपाल, दोपहर मेट्रो। भोपाल के रेतघाट से वीआईपी रोड पर लापरवाही के कारण ट्रैफिक जाम हुआ वाहन चालक हुए परेशान।

### मानव अधिकार आयोग

## पीड़ित छात्रा के खुदकुशी के मामले में एसपी को जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) मनोहर ममतानी एवं सदस्य राजीव कुमार टंडन ने भोपाल जिले के भोपाल जिले के सूखी सेवनिया क्षेत्र के एक निजी स्कूल में शिक्षक की छेड़छाड़ से पीड़त छात्रा के खुदकुशी के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि पीड़ित छात्रा के खुदकुशी के 13 दिन हो जाने के बावजूद भी अब तक पुलिस द्वारा न तो आरोपित शिक्षक की गिरफ्तारी हो पाई है, और न ही जिस स्कूल में छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई है, उस पर कोई एक्शन हो पाया है। मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। मामले में आयोग ने पुलिस अधीक्षक(देहात) को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी तलब किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी 10 फरवरी को विद्यार्थियों से करेंगे 'परीक्षा पे चर्चा'

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। इस वर्ष यह कार्यक्रम सोमवार 10 फरवरी को सुबह 11 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचार माध्यमों पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया एवं ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट उलहवअ.पद, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल एमओई, दीक्षा चौनल एमओई से भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा। कार्यकम का प्रसारण अन्य निजी चौनल भी करेगें। कार्यक्रम को ऑनलाइन देखे जाने के लिये यूट्यूब से भी जारी की गई है। कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं शिक्षक तथा अभिभावक उक्त लिंक के माध्यम से सहभागिता कर सकेंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और स्कूल शिक्षा विभाग में अन्य अधिकारी राजधानी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

## सीबीएसई ने जारी किए प्रवेश पत्र, स्कूल से ले सकेंगे विद्यार्थी

**भोपाल।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। स्कूल से छात्र प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। प्रवेश पत्र में रोल नंबर के अलावा संबंधित परीक्षार्थी की जन्म तिथि, अभिभावकों के नाम, छात्र किन विषयों की परीक्षा में शामिल होगा इसका उल्लेख आदि रहेगा। स्कूलों को भी निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों को यह जानकारी दें कि परीक्षा केंद्र में सुबह 10 बजे के बाद उन्हें प्रवेश नहीं मिलेगा। इसलिए वे समय का विशेष ध्यान रखें। परीक्षार्थी को यूनिफॉर्म में परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। इसी के साथ स्कूल की आईडी कार्ड भी अपने साथ रखना होगा।

### मरीज और परिजन की बढ़ रही परेशानी, नहीं दे रहा कोई ध्यान

# एम्स के सामने सड़क पर वाहन खड़ा करके लगा रहे हैं जाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान के सामने प्राइवेट एंबुलेंस और बस चालकों की मनमानी से दिनभर जाम की स्थिति बनती रहती है जिसके चलते मरीज और उनके परिजनों की फजीहत हो रही है। साथ ही एम्स अस्पताल की एंबुलेंस को भी परेशान होना पड़ रहा है। आलम यह है कि उन्हें आवाजाही के लिए दिनभर जाम का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में यदि जाम के समय कोई क्रिटिकल मरीज आ जाता है या फिर अस्पताल में भर्ती मरीज को बाहर के पैथोलॉजी लैब में जांच करानी हो तो तब यह स्थिति और जटिल हो जाती है। स्थानीय लोगों की मानें तो यहां जाम की समस्या से दिनभर परेशान होना पड़ता है।

गौरतलब है कि एम्स अस्पताल प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल है। ऐसे में यहां वैसे भी भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है। ऊपर से लो-फ्लोर लाल बस भी गेट-3 के ठीक सामने ही बीच सड़क पर खड़ी की जा रही है। जबकि गेट से थोड़ी आगे ही बस स्टॉप बना हुआ है। इसके अलावा ऑटो-



रिक्शा और प्राइवेट एंबुलेंस की तो सड़क पर कतार लग रही है। जिससे सड़क संकरी होने जाम की स्थिति बनती रहती है। साथ ही रेहड़ी और ठेला व्यापारी भी सड़क पर दुकाने सजा रहे हैं। स्थानीय की मानें तो ओपीडी टाइम में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि जाम की समस्या का जल्द समाधान किया जाना चाहिए,जिससे अस्पताल में भर्ती और रेफरल मरीजों को आवागमन करने में परेशानी का सामना ना करना पड़े। एम्स के गेट-3 के पास सड़क के पटरी पर वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिससे मरीज और परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में ऑटो-रिक्शा सहित प्राइवेट एंबुलेंस के चालकों को समझाइश दी गई थी कि वे सड़क के किनारे वाहन खड़े ना क रें, बावजूद इसके अनदेखी की जा रही है तो कार्रवाई करेंगे।

# ट्रिपल आईटी के तृतीय दीक्षांत समारोह में 168 से अधिक विद्यार्थियों को प्रदान की उपाधि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**प्रथम छात्रों को स्वर्ण पदक एवं द्वितीय स्थान ग्रहण करने वाले छात्रों को रजत पदक से नवाजा गया**

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) भोपाल का दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। यह संस्थान का तृतीय दीक्षांत समारोह था एवं इस समारोह में वर्ष 2024 में संस्थान से उत्तीर्ण हुए छात्रों को बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी यानी बी.टेक की मानक उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में अतिथियों के तौर पर एमएएनआईटी भोपाल के निदेशक प्रो. करुणेश कुमार शुक्ला, आईआईआईटी वडोदरा के निदेशक प्रो. धर्मेंद्र सिंह, संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अध्यक्ष कविता खन्ना, डीआरडीओ के अध्यक्ष (एमेरिटस) डॉ. सुधीर के मिश्रा और बीएचईएल भोपाल के कार्यकारी निदेशक एस.एम. रामनाथन शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुई। जिसके बाद कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं संस्थान के निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह ने सभी अतिथियों की मौजूदगी के लिए आभार व्यक्त किया एवं पुष्प-गुच्छ प्रदान करके अतिथियों का अभिवादन किया। सभी पूर्व छात्रों के साथ उनके माता पिता एवं तमाम अतिथियों का स्वागत करते हुए, संस्थान के डीन एकेडेमिक्स, डॉ. अमित ओझा ने मंच को संबोधित किया। इस साल के दीक्षांत समारोह में, संस्थान ने कुल मिलाकर 168 छात्रों को मानक उपाधि प्रदान की एवं हर विभाग के प्रथम स्थान ग्रहण करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक से एवं द्वितीय स्थान ग्रहण करने वाले छात्र को रजत पदक से नवाजा।

**छात्रों को सदैव प्रयास एवं मेहनत करने के लिए प्रेरित रहना चाहिए:** आईआईआईटी वडोदरा के निदेशक प्रो. धर्मेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्रों को सदैव प्रयास एवं मेहनत करने के लिए प्रेरित रहना चाहिए। हम सब मिलकर विकसित भारत के लिए बेहतर कार्य करें। मुख्यमंत्री का संदेश पड़ा गयाः कार्यक्रम में कुछ कारणों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित नहीं हो सकें। ऐसे में डॉ. अमित ओझा ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ते हुए कहा कि आज स्नातक की उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र, राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान देंगे इसीलिए में उन सभी को शुभकामनाएं देता हूँ। तत्पश्चात बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अध्यक्ष कविता खन्ना ने दीक्षांत समारोह के आरंभ की औपचारिक घोषणा की।

# दिल्ली ने लगाई मोदी की नीतियों पर मुहरः बंसल

**दिल्ली की जीत का जश्न मनाया भाजपाइयों ने संतनगर में**

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा संतनगर मंडल द्वारा दिल्ली की इतिहासिक जीत को लेकर आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। भाजपा जिंदाबाद, दिल्ली जिंदाबाद के नारे लगे। जिला उपाध्यक्ष राम बंसल ने कहा दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। आम आदमी पार्टी की झूठी सरकार से दिल्ली की जनता को मुक्ति मिल गई है। दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और गरीब कल्याण की नीतियों पर मुहर लगाई है। मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी ने बताया की दिल्ली के दिल वालो ने दिल जीत लिया दिल्ली मे अब विकास के पथ पर डबल इंजन की सरकार चलेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, रमेश जनयानी, माखन सिंह राजपूत, चंद्रप्रकाश इसरानी, बसंत चेलानी, किशन अच्छानी, कमल विधानी, सूरज यादव, शेटी चंदनानी, जगदीश असवानी, उमेश नागर, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रामू केवट, मिक्की दास, हीरो इसरानी, ललित रायचंदानी, सुमित आहूजा, शिव मिश्रा, हिमांशु चौकीकर, किशोर साधवानी, प्रदीप मेवाड़ा, दीपक मेहर, महेंद्र शर्मा गुड्डू मेहरा, पुरषोतम गीदवानी, नवीन भोजवानी, गुड्डू रुपानी, देवी रजक, कुंवर सिंह नागर, सनी गिडवानी, विजय डोडानी, आदि समस्त कार्यकर्ता मौजूद थे ।



# भाजपाइयों ने आप पर झाड़ू लगाकर मनाया जश्न

**गुरूनानक मंडल ने भोपाल गेट पर खुशी मनाई**

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

दिल्ली विधानसभा में भाजपा की जीत पर गुरुनानक मंडल ने भोपाल गेट पर मोदी, अमित शाह के मुखौटे पहन कर झाड़ू लगाकर केजरीवाल के झूठे वादों और भ्रष्टाचार की आपदा वाली आप की सरकार को साफ किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजा कर एक-दूसरे को मुंह मीठा करा कर जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया दिल्लीवासियों ने पिछले 10 वर्षों में आप सरकार से प्रताड़ित हो कर भाजपा पर अपना विश्वास जताया है और प्रधानमंत्री मोदी की विकास की गारंटी पर मोहर लगाई है। इस अवसर पर महेश मकवाना, भगवानदास ढालिया, राजा शर्मा, यतिन मकवाना, सुनील सराठे,मुकेश सोलंकी, नरेंद्र ठाकुर, दीपचंद तिवारी, नरेंद्र शुक्ला, संदीप कल्याणे, नितिन बम्मन, आदर्श चावरिया, विवेक तिवारी,अजय प्रजापति, भूरा परोचे, विशाल बिछले, कैलाश हिरवे, मुकेश गांठे, राजकुमारी डागोर, सुकांति ठकुरिया, लक्ष्मी महाजन, चंदू यादव, अभिषेक मसानी, जीतेन्द्र डागोर मीरा दीदी सहित युवा साथी उपस्थित थे।



## बीएसएस कॉलेज में ट्रेडिशनल डे का किया गया आयोजन



**भोपाल।** राजधानी के बीएसएस कॉलेज में विद्यार्थियों के द्वारा ट्रेडिशनल डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस इंडिया डिंपल पटेल रहीं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग पारंपरिक लोक नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न राज्यों के लोक कलाओं का प्रदर्शन हुआ तथा लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए । समाजसेवी और राजधानी की प्रसिद्ध ब्यूटीशियन डॉ. रश्मि सक्सेना पारंपरिक लोक नृत्य प्रतियोगिता की निर्णायक थी। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर**

### प्रबुद्धजन नागरिक मंच ने आयोजित किया सम्मान समारोह

# कठिन परिश्रम से ही हासिल हो सकता है विद्या धन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी भवन में प्रबुद्ध नागरिक मंच ने बोर्ड परीक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। संतजी के शिष्य संत सिद्धभाऊजी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। बच्चों ने %देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें% गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। भाऊजी ने कहा कि कठिन परिश्रम के बिना विद्या धन अर्जित नहीं किया जा सकता। प?ाई के लिए मन से लड़ाई करना पड़ती है। विद्या वह धन है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर स्कूल से विद्यार्थी मैरिट में आए और एक लाख का चैक जीव सेवा संस्थान से प्राप्त करें। इसके लिए विद्यार्थी आज से ही अपना टाइम टेबिल बनाकर हर विषय पर ध्यान केंद्रित करें और अपने स्वर्णिम समय का सद्पयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में जुट जाएं और प?ाई के साथ-साथ अपनी सेहत का भी ध्यान रखेंगे तो मंजिल अवश्य प्राप्त करेंगें। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि बच्चों का लक्ष्य प?ाई है और पढ़ाई करके ही वह अच्छे इंसान बनकर अच्छे पद पर पहुंचेंगें। विद्यार्थी में वह शक्ति है जिसका प्रदर्शन करके वह सब कुछ हासिल कर सकते हैं। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने कहा कि प्रतिभा बिना तपस्या के नहीं आ सकती और विद्यार्थी जीवन भी एक तपस्या है और जो विद्यार्थी मेहनत करता है वह अवश्य मंजिल हासिल करता है। कक्षा पाचंवी, आठवीं, दसवीं एवं वारहबी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय- अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रबुद्ध नागरिक मंच एवं सिद्धभाऊजी पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बंसत चेलानी, महेश खटवानी, बल्लू चोईथानी, सुरेश जसवानी, राजेश हिंगोरानी, वासदेव वाधवानी, सुरेश राजपाल आदि उपस्थित थे।



### अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण हुआ पूरा

# टाइगर रिजर्व में 17 से शुरू होगी शीतकालीन गिद्धों की गणना

- स्थानीय व माइग्रेन गिद्धों का पता लगाने दो बार होगी गणना संरक्षण के चलते संख्या बढ़ने की उम्मीद
- बेहतर उम्मीद- गिद्धों को रास आने लगा टाइगर रिजर्व बढ़ने लगा कुनबा अनुकूल आवास मिलने से गिद्धों को मिला क्षेत्र में आश्रय प्रदेश में सबसे बेहतर स्थिति टाइगर रिजर्व में

**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में शीतकालीन गिद्ध गणना को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गणना को लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। इसके बाद 17 फरवरी से गणना शुरू करने की प्लानिंग है। तीन दिन चलने वाली इस गिद्ध गणना में सुबह व शाम को टीमें चिन्हित स्थानों के साथ वहां भी पहुंचेंगी, जहां पर गिद्धों ने नए बसरे बनाए हैं। चूंकि वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गिद्ध संरक्षण को लेकर काम चल रहा है, जिसको लेकर उम्मीद है कि इस बार गिद्धों की संख्या में पिछले साल की तुलना में ज्यादा मिलेगी वन विभाग हर साल गिद्ध गणना करता है, पिछले साल से यह एक की जगह दो बार करना शुरू कर दी गई है। चूंकि इस समय हिमालय सहित अन्य स्थानों से माइग्रेट होकर आए गिद्ध भी मौजूद हैं, तो इस गणना में स्थानीय व माइग्रेट गिद्धों की एक साथ गणना होगी। गर्मी शुरू होते ही बाहरी गिद्धों का लौटना शुरू हो जाएगा, जिसके बाद विभाग स्थानीय प्रजाति के गिद्धों की संख्या जानने संभवतः अप्रेल माह के अंत में ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना करेगा

### टाइगर रिजर्व में मिले थे सबसे ज्यादा गिद्ध

साल 2024 में दो बार गिद्ध गणना की गई थी। फरवरी में हुई शीतकालीन गणना में टाइगर रिजर्व और दमोह मंडल में कुल 1266 गिद्ध मिले थे। इन 2 मंडलों में सबसे ज्यादा 592 गिद्ध वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पाए गए थे। इसमें बाहरी यानी हिमालय से आने वाले गिद्ध भी शामिल थे। वहीं बीते साल ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना में स्थानीय प्रजाति के कुल 872 स्थानीय गिद्ध मिले थे

### देश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व

बता दें कि रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व को देश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व की पहचान मिली है, क्योंकि इसकी कुल लंबाई 2300 वर्ग किमी है और छह साल में यहां बाघों की संख्या 23से



25पहुंच गई है। टाइगर रिजर्व के अंतर्गत दमोह सागर और नरसिंहपुर जिला शामिल है। दमोह जिले के तेंदूखेड़ा और जबेरा जिसका जंगली भाग सामान्य वन क्षेत्र में आता था उसको मिलाकर टाइगर रिजर्व बनाया गया है जिसकी मंजूरी 20 सितंबर 2023 हो चुकी है और टाइगर रिजर्व का दर्जा मिले डेढ़ साल हो चुका है लेकिन अभी दमोह क्षेत्र हैंडओवर नहीं हुआ है

### सात प्रजाति के गिद्ध हैं टाइगर रिजर्व में

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में सात प्रजाति के गिद्ध देखे गए हैं जिनमें चार स्थानीय प्रजातियां और तीन बाहरी प्रजातियां है स्थानीय प्रजातियों में सफेद गिद्ध, राज गिद्ध, चमर गिद्ध के अलावा इंडियन वल्चर स्थाई रूप से निवास करते हैं. ठंड के सीजन में हिमालयन, यूरेशियन और दूसरी प्रजातियों के गिद्ध भी आ जाते हैं. पिछली सालों की अपेक्षा इस साल गिद्धों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है प्रबंधन का मानना है कि टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढने के साथ-साथ गिद्धों की संख्या बढ रही है

### इसलिए टाइगर रिजर्व चिन्हित

वीरांगना टाइगर रिजर्व बाघों को लेकर तो चर्चा में है ही, क्योंकि यहां उम्मीद से बढ़कर बाघों की संख्या में बढ़त हुई है। वर्तमान में यहां पर बाघों और शावकों को मिलाकर कुल संख्या 25 है। टाइगर रिजर्व के उप संचालक डॉ. एए अंसारी का कहना है कि देश में गिद्ध की 9 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 7 प्रजातियां टाइगर रिजर्व में मौजूद हैं। इस समय सबसे ज्यादा संकट में भारतीय गिद्ध हैं, लेकिन शीतकालीन व ग्रीष्मकालीन गणना के दौरान टाइगर रिजर्व में सबसे ज्यादा संख्या भारतीय गिद्धों की मिली थी। यही कारण है कि कैप्टिव ब्रीडिंग से जन्मे भारतीय गिद्ध के बच्चों को विकसित करने टाइगर रिजर्व को चिन्हित किया गया है



### कीटनाशकों के उपयोग से गहराया था संकट

दो दशक पहले तक बुंदेलखंड अंचल में गिद्धों की कई प्रजातियों का बसेरा था। फिर पैदावार बढ़ाने के लिए जैविक खाद, कीटनाशकों का बेतहाशा उपयोग इनका दुश्मन बन गया डायक्लोफेनॉक, कीटोप्रोफेन, - एक्सेलोफेनॉक और न्युमेसिलाइड जैसी दवाओं के उपयोग का दुष्प्रभाव पडने से गिद्ध संकट में आ गए। - बस्तियों के आसपास ऊंचे वृक्ष काट दिए गए इस वजह से घोंसले बनाने के ठिकाने भी घट गए। इन सब वजहों ने गिद्धों की प्रजातियों को खतरे में डाल दिया। पिछले पांच वर्षो से गिद्धों की संकटग्रस्त प्रजातियों को बचाने वन विभाग, डब्लूडब्लूएफ, बीएनएचएस व अन्य पक्षी प्रेमी संस्थाओं के आगे आने के बाद इस दिशा में काम शुरू हुआ है जिसके नतीजे अब धीरे धीरे सामने आ रहे हैं और गिद्धों की संख्या में इजाफा होने लगा है

### चार रेंजों में भी गिद्धों की संख्या बढ़ी

वही तेंदूखेड़ा उप वनमंडल के तेंदूखेड़ा झलौन तारादेही तेजगढ़ रेंजों में भी इन दिनों गिद्धों की संख्या बढ़ी हुई आए दिन जंगलों में हरे भरे पेड़ों और खेतों सहित मृत मवेशियों के शव को खाते हुए दिखाई दे रहे जहां एक समय इन क्षेत्रों में गिद्ध दिखना बहुत बड़ी बात थी लेकिन अब चारों रेंजों के क्षेत्र सीमा में गिद्धों को देखा जा सकता है साथ ही तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र की खकरिया बीट और नरगुवा बीट में आए दिन गिद्धों को दिखा जा सकता है यहां विदेशी गिद्धों की संख्या देखने को मिल सकती है क्योंकि यहां पर जंगल हरा भरा होने के साथ ही पानी के जलस्त्रोत है वहीं झलौन क्षेत्र में सड़क किनारे मृत मवेशियों को खाते हुए देखा जा सकता है तारादेही क्षेत्र में खेतों और छोटे छोटे खेतों और सड़क किनारे बने जलस्त्रोत में वो अपना शिकार करने के लिए बैठे रहते हैं तेजगढ़ क्षेत्र की सांगा पांजी बीट में भी गिद्धों को देखा जा सकता है

### बुंदेलखंड के हर जिले में गिद्धों का रहवास

संरक्षित हैबीटेट के मामले में जहां देश में गिद्धों की दशा संतोषजक नहीं है वहीं प्रदेश के हालत भी बहुत अच्छे नहीं कहे जा सकते। लगातार जारी प्रयासों के बाद भी प्रदेश के 30 जिलों में गिद्धों की उपस्थिति नगण्य है तो 14 जिले तो शून्य जैसी स्थिति में है। तीन वर्ष पूर्व हुई गणना में प्रदेश में सागर, पन्ना, रायसेन, भोपाल, मंदसौर, नीमच, श्योपुर और शिवपुरी ही गिद्धों के रहवास वाले प्रमुख जिले थे। अब बुंदेलखंड के लगभग सभी 6 जिलों में गिद्धों के घोंसले दिखने लगे हैं।

### प्रदेश में गिद्धों की 3 प्रजातियां संकटग्रस्त, लेकिन यहां सुरक्षित

देश में गिद्धों की 9 प्रजातियां पाई जाति हैं। इनमें से 7 प्रजातियां मप्र में मिलती हैं। इनमें से इंडियन वल्चर (लॉग बिल्ड वल्चर), व्हाइट रम्पड वल्चर (व्हाइट-बैक्ड वल्चर) और किंग वल्चर या रेड हेडेड वल्चर गंभीर खतरे की स्थिति में हैं। जबकि सिनेरियस वल्चर, हिमालयन ग्रिफॉन, यूरेशियन ग्रिफॉन और इजिप्सियन वल्चर संकटग्रस्त घोषित की गई हैं।

### नौरादेही में 84 वल्चर नेस्ट

बुंदेलखंड में पन्ना टाइगर रिजर्व और नौरादेही अभयारण्य गिद्धों के प्रमुख आवास स्थल है। पिछली वल्चर काउंटिंग में अकेले नौरादेही में गिद्धों के 84 घोंसले मिले थे। एक स्थान पर गिद्धों के इतने अधिक घोंसले मिलना भी वन्यजीव और पक्षी प्रेमियों के लिए संतोषजनक है। यह इसलिए क्योंकि अब गांव बसाहटों के आसपास गिद्धों को घोंसला बनाने ऊंचे वृक्ष नहीं बचे हैं। ऐसे में नौरादेही के जंगलों में ऊंचे घने वृद्ध और डोंगरगांव रेंज का गिद्ध कौंच पहाड़ मुख्य रहवास क्षेत्र बन गया है। गिद्धकौंच पर गिद्धों की संख्या का अनुमान पहाड़ी की सफेदी को देखकर लगाया जा सकता है। यह पहाड़ी गिद्धों की बीट से कई जगह सफेद पड़ गई है।

### इनका कहना है

"वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के उप संचालक डॉ. एए अंसारी के अनुसार हमारे यहां गिद्धों की कुल 9 में से 7 प्रजातियां देखने मिलती हैं। इसमें 4 स्थाई प्रजातियों के गिद्ध हैं तो बाकी 3 माइग्रेट होकर शीतकाल में यहां आते हैं। माइग्रेट गिद्धों में हिमालय के आसपास के अलावा अफगानिस्तान, भूटान, तुर्किस्तान और तिब्बत से भी गिद्ध टाइगर रिजर्व आते हैं।"

## किशोरी को भगाकर ले जाने वाले लड़कों को पुलिस ने पकडकर बाल न्यायालय में पेश किया

**तेंदूखेड़ा।** नाबालिंग बालिका को नाबालिंग लडके के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म किए जाने के मामले में तारादेही पुलिस ने नाबालिंग लडके को पकडकर बाल न्यायालय में पेष किया है। पुलिस मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार लडकी तेंजगढ थाना के अंतर्गत एक ग्राम की रहने बाली है। साथ ही वह तारादेही थाना अंतर्गत अपने मामा के ग्राम रहने आई थी। इस दौरान लडका ने 18 जनवरी को उसे भगााकर ले गया था। लडका भी उसी ग्राम का बताया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट लडकी के परिजनो के द्वारा तारादेही थाने में लिखवाई गई थी। पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर लडकी की तालाष की जा रही थी लेकिन तारादेही पुलिस ने लडके को उसके कर से पकडकर कर बाल न्यायालय में पेष किया है। इसके अलावा लडकी के बयानो के आधार पर पास्को एक्ट के अलावा दुष्कर्म की धाराओ के तहत मामला दर्ज किया है।

## रोहना में राष्ट्रीय सेवा योजना का साथ दिवसीय शिविर का आयोजन

**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाराणा प्रताप हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राम रोहना में किया जा रहा है । महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमिता जोशी ने स्वयं सेवकों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. संजय चौधरी, डॉ. कमल वाधवा, डॉ. एस के उदयपुरे एवँ कार्यकर्म अधिकारी डॉ. एस के दिवाकर, वरुण तिवारी, कमलेश गौर , राजकुमार तथा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं स्वम् सेवक उपस्थित रहे। ग्राम रोहना में पहुंचकर ग्राम के सरपंच, सचिव एवं आंगनवाड़ी के कार्यकर्ता के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का झण्डा फहराकर कैम्प का उद्धाटन किया एवं सरपंच ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को संबोधित कर कैम्प लगाने की बधाई दी एवं उनका उत्साह वर्धन किया तथा कैम्प में हर प्रकार के सहयोग करने को कहा।

## हैंडबॉल अकादमी के तीन खिलाड़ी चयनित



**नर्मदापुरम।** उत्तराखंड में चल रही 38वीं राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमालय हैंडबॉल अकादमी के 3 खिलाड़ी जीत खरारे, सुमित कहार, सतीश मशराम का चयन हुआ है। ये तीनों मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर समेरिटेन्स स्कूल के संचालक और मध्यप्रदेश हैंडबॉल एसोसियेशन के उपाध्यक्ष डॉ.आशुतोष शर्मा जी, प्राचार्या श्रीमती प्रेरणा रावत, जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल, आस्कर एरिन, सचिन खम्परिया, विनोद कुमार साहू, विक्रांत खम्परिया एवं सभी हैंडबॉल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# बाइक सहित अवैध शराब छोड़कर भागा आरोपी

- लावारिस अवस्था में मिला 950 किलो महुआ लहान जप्त कर नष्ट किया
- आबकारी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



जिले में अवैध मदिरा, परिवहन, निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण के खिलाफ चलाया जा रहे अभियान के तहत आबकारी वृत नर्मदापुरम बी द्वारा 7.02.2025 को रात्रि के समय मुखबिर की सूचना के आधार पर माखन नगर विकास खंड के ग्राम सांगाखेड़ा बीकोर रोड पर नाकेबंदी करने पर एक आरोपी मोटर साइकिल से परिवहन करता हुआ 60 पाव देसी मदिरा प्लेन शराब छोड़कर भाग गया। अंधेरे के कारण आरोपी की पहचान नहीं की जा सकी। मौके पर पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.1 (क) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया एवं मोटर साइकिल के साथ देशी मदिरा 60 पाव जप्त कर कब्जा आबकारी ने लिया गया । आरोपी की तलाश की जा रही है। आगे वाहन स्वामी की जांच के लिए मोटरसाइकिल के स्वामित्व के लिए आरटीओ नर्मदापुरम से जानकारी ली जा रही है। जप्त मदिरा एवं मोटरसाइकिल की कीमत लगभग?70,000 आंकी गई है । दिनांक 8.2.2025 को आबकारी वृत नर्मदा पुरम बी की टीम के द्वारा माखन नगर क्षेत्र के कुच बंदिया मोहल्ला आवास, कॉलोनी बागरा रोड में दबिश कार्रवाई कर लगभग 600 किलोग्राम अवैध लावारिस महुआ लहान बरामद कर शराब बनाने के आयोग्य किया गया। इसके साथ लगभग 25 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त की गई । इसके साथ ग्राम बागरा तवा एवं गुजरवाड़ा में भी कार्रवाई की. जिसमें में लगभग 350 किलोग्राम अवैध महुआ लावारिस अवस्था में नष्ट कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के अंतर्गत अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। आरोपियों की तलाश की जा रही है एवं तीन आरोपियों से लगभग 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त कर न्यायालय में पेश होने हेतु कहा गया । कार्रवाई में कुल महुआ लहान एवं शराब की कीमत लगभग एक लाख एक हजार रुपए अनुमानित की गई है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत नर्मदा पुरम बी वासुदेवाचार्य त्रिपाठी , आबकारी आरक्षक धर्मेंद्र बारंगे, योगेश कुमार, भावना यादव , नगर सैनिक मोहनलाल , प्रेम भारती एवं दशरथ यादव का विशेष योगदान रहा । जिला आबकारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरे नर्मदापुरम जिले में अवैध मदिरा परिवहन , निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के खिलाफ लगातार कार्यवाहियां की जा रही है एवं आबकारी टीमों द्वारा आगे भी कार्यवाहियां जारी रखी जाएंगी।

# अमित आत्महत्या मामले में आक्रोशित विप्र समाज ने आरोपियों को पकड़ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सर्व विप्र महासभा के वरिष्ठ सहयोगी और पत्रकार पंकज शुक्ला के नेतृत्व में विप्र प्रतिनिधियो ने स्थानीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि विगत 02 फरवरी 2025 रविवार को एक ब्राहम्ण युवक अमित दीवान ने बाबई रोड स्थित यशराज होटल में आईपीएल सटोरियों के प्रताड़ना के कारण आत्महत्या कर ली थी। जिससे सम्पूर्ण ब्राहम्ण समाज में भय व आकोश व्याप्त है। जिसका कारण यह है कि युवक की आत्महत्या के विवश्ता पूर्ण उठाये गये कदम की पृष्ठभूमि में नगर के सक्रिय संगठित समूह की कारगुजारीयों से नगर के प्रबुद्धजन अनभिज्ञ नही है। जिनका मुख्य कार्य आईपीएल सट्टा और अनाधिकृत ब्याज वसूली है, जिसके जाल में युवक फंस गया व मिल रही धमकीयों के परिणामस्वरुप



विवश व भयभीत युवक ने आत्महत्या जैसे जघन्य कार्य को अंजाम दिया। जिनमें मुख्यतः आकाश शिवहरे, विक्की शिवहरे, ऋषि सराठे व अन्य का नाम क्षेत्र के पुलिस थानों में आदतन रूप में दर्ज है। ऐसे लोगों पर सख्त रूप अपनाते हुये इनकी अर्जित की गयी अकूत सम्पत्ति की गहन जाँच कर सम्पत्ति राजसात की कार्यवाही व अवैध मकान व दुकान तोड़ने जैसी सख्त कार्यवाही की जाना समयोजित व न्यायोचित होगा। पुलिस द्वारा भी इन आरोपियों को अब तक नहीं पकड़ा जा सका है जिससे आरोपियों के रसूक का पता चलता है। ब्राहम्ण समाज व आमजनों को भयमुक्त करने हेतु आरोपियों पर कठोर दण्ड का प्रावधान होना चाहिए। वहीं प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दुबे , संरक्षक आलोक शर्मा एवं इटारसी सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष जितेंद्र ओझा ने कहा कि इटारसी से लेकर नर्मदापुरम तक आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगना चाहिए। इससे पूर्व पीड़ित परिवार के घर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश तिवारी भी निज निवास पर पहुंचकर जानकारी ली ।

**मेट्रो एंकर** मजदूर संघ ने डॉक्टर प्रशांत जैन के घर जाकर किया स्वागत सम्मान

# नपा अधीक्षक जैन को मंडीदीप नपा में सीएमओ का दायित्व मिलने पर कर्मचारियों में हर्ष

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम में पदस्थ कार्यालय अधीक्षक डा. प्रशांत जैन को मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा आदेश पारित करते हुए नगरपालिका परिषद मंडीदीप में प्रभारी सीएमओ के पद पर उनकी योग्यता को देखते पदस्थापना का दायित्व दिया गया. यह समाचार मजदूर संघ को प्राप्त हुआ तो श्री जैन के निवास स्थान पर पहुंचकर मजदूर संघ के द्वारा हार फूल माला से स्वागत सम्मान किया गया.

नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा ने बताया कि वर्ष 1994-95 में मजदूर संघ के प्रयास से



तत्कालीन नगरपालिका सीएमओ बी के कोरी के सहयोग से शासन आदेश के पालन में लगभग 50 अनुकंपा नियुक्तियों पर संबंधित आश्रितों को विभिन्न पदों पर पदस्थापना दी गई थी जिसमें डा. प्रशांत जैन की निम्न श्रेणी लिपिक के पद पर अनुकंपा पर पद स्थापना दी गई.

### योग्यतानुसार मिली पदोन्नति

उसके बाद वह उच्च श्रेणी लिपिक, मुख्य लिपिक , कार्यालय अधीक्षक जैसे पदों पर अपनी योग्यता के बल पर लगातार पदोन्नति प्राप्त करते गये. अपने कार्यकाल के बीच चांदामेटा नगरपालिका में भी कुछ समय प्रभारी सीएमओ के पद पर अपने दायित्व का निर्वाहन किया गया है.

डा. प्रशांत जैन नगरपालिका कर्मचारी मजदूर संघ में संयुक्त महामंत्री पद पर भी अपने दायित्व का निर्वाहन कर रहे थे उनको सीएमओ का दायित्व मिलने पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष नृपेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष दाताराम सगर, कोषाध्यक्ष सुनील चौहान, नगरपालिका कर्मचारी मजदूर संघ से महेश वर्मा, ओपी रावत, परसुराम सूर्यवंशी, सुखदेव भार्गव, विशाल पतंगें, मनोहर केवट, राजकुमार नंदमेर, राजेश दीवान, मनोहर सराठे इत्यादि ने स्वागत सम्मान करके सीएमओ का दायित्व संभालने के लिए शुभकामनाओं के साथ ही बहुत बहुत बधाई दी.

### दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

# कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर डांस किया, मिठाई बांटी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

दिल्ली प्रदेश में पूर्ण बहुमत की भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जश्न मनाया। दिल्ली जीत के लिए आशान्वित भाजपा कार्यकर्ता सुबह मतगणना शुरू होने के साथ ही अपने वाले परिणामों पर निगाह जमाए बैठे थे मतपेटी खुलने के साथ मिल रही बढ़त भाजपा सरकार बनने का रास्ता साफ होने लगा था दोपहर होते होते जैसे ही भाजपा की निर्णायक जीत सामने आई तो स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में बस स्टैंड परिसर पर एकत्रित होकर जोरदार आतिशबाजी करते हुए ढोल पर जमकर डांस किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बस स्टैंड परिसर में मिठाई का भी वितरण किया गया।




इस दौरान कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ पी के विश्वास ने कहा कि यह अन्याय पर न्याय की जीत है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिल्ली की जनता ने विश्वास जताते हुए केजरीवाल युग का अंत किया हैं। हमारे विधायक उमाकांत शर्मा ने भी दिल्ली में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में धुंआधार प्रचार करके अपना महाविजय में अपना योगदान दिया है। सचिन शर्मा में कहा कि यह स्वस्थ लोकतंत्र की जीत हैं आम जनता ने सत्ताइस साल बाद दिल्ली के संपूर्ण विकास के लिए,यमुना की स्वच्छता के साथ पेयजल के लिए,केजरीवाल के भ्रष्टाचारों और झूठे वादों के खिलाफ अपना जनमत देते हुए दिल्ली को आप दा मुक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश की जनता जनार्दन बधाई की पात्र है। इस अवसर पर भाजपा नेता हरीबाबू भार्गव, मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम सोनी,जयनारायण सेन,सचिन शर्मा,धर्मेंद्र जैन, संतोष रघुवंशी,पप्पू त्यागी,भूपेश भार्गव,नरेंद्र पाटीदार, टीकाराम शाक्य तथा मूलचंद नेमा सहित भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

बताते चलें कि 27 साल के लंबे अंतराल के बाद भाजपा ने देश की राजधानी की सत्ता पर कब्जा किया है। 70 सदस्यीय विधानसभा में पार्टी को 47-48 सीटों का स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है। आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है, जिसमें पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित अधिकतर सीनियर नेताओं की हार हुई है। वर्तमान मुख्यमंत्री अतिशी मात्र 989 के कम अंतर से अपनी सीट बचाने में सफल रहीं हैं।



### दिल्ली में भाजपा की जीत गंजबासौदा में भी मिठाई बांटकर मनाई खुशी

**गंजबासौदा।** दिल्ली में 27 साल बाद हुई भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पचमा रोड पर आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाई ओर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने अपने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर इस जीत का जश्न मनाया है। इस दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की भ्रष्ट और झूठ की राजनीति को करारा जवाब दिया है। और भाजपा पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को दिल्ली की जनता ने स्वीकार किया और केजरीवाल की झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति की दुकान पर ताला लगाने का काम किया है। इस मौके पर जनपद प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र मीणा, सोनू बड़कुल, जिला मंत्री चंद्रशेखर दुबे, नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी, रोहित भावसार, पार्षद नीलू चौबे, राकेश खटीक, मंडल अध्यक्ष पिंकू महाराज, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नकली रकम गिरवी रखने आए व्यक्ति को व्यापारी ने किया पुलिस के हवाले



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को कपड़ा व्यापारी राहुल मंगल की दुकान पर एक व्यक्ति नकली रकम लेकर पहुंचा इस तरह की बात व्यापारी के द्वारा कही जा रही है । पुलिस ने अभी कोई मामला दर्ज नहीं किया है। वहीं युक्त व्यक्ति श्री मंगल पास जाकर कहता है कि मुझे कुछ कपड़े दे और कुछ पैसे दे दो उनकी आवश्यकता है इसके बदले में मेरी रकम रख लो इस व्यक्ति को यह जानते थे इस वजह से उन्होंने इसकी रकम को चेक करवाया तो पता चला यह नकली पायल है। इसके पास और भी नकली समान होना बताया है।

नकली रकम लेकर आए व्यक्ति के बारे में इन्होंने थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार को पूरी जानकारी दी और कहां की है यहां नकली रकम रखने के लिए आया है ।इसके बाद थाना प्रभारी ने दो पुलिसकर्मियों को इनकी दुकान पर भेजा इसके बाद पुलिसकर्मी इसको थाने पहुंचे और वहां पर देखा कि इसके मोबाइल बहुत-सारे नकली रकम के फोटोग्राफ्स हैं इसके पास ब्रेसलेट भी नकली रखा हुआ था साथ ही मोबाइल में नकली हथियारों के फोटो भी मिलें पर अभी तक पुलिस ने कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया है ।राहुल मंगल ने बताया कि थाना प्रभारी थाने में मौजूद नहीं थे काफी देर तक मैं थाने में बैठा रहा उनके नहीं आने पर मैं वापस आ गया इसने अपना नाम आजम बंदूक वाला बताया है भौरिया का रहने वाला बात रहा है।



थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार ने बताया कि मैं अभी थाने से बाहर हूं नकली रकम रखने की बात व्यापारी ने की है उसे हम पूछताछ कर रहे हैं कहां से लाया है उसकी जानकारी एकत्रित कर रहे हैं उसके बाद ही आगे करवाई करेंगे।

# उपजेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वाधान में उपजेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया ।

उक्त कार्यक्रम अनुराग द्विवेदी प्रथम जिला न्यायाधीश के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं शशांक सिंह प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में संविधान के मूलभूत अधिकार, मूलभूत कर्तव्य, मानसिक रूप से विकलांग और मानसिक रूप से बीमार कैदियों के लिए विधिक सेवाएं निशुल्क विधिक सहायता और परिवीक्षा अधिनियम के बारे में बताया गया । इसके अतिरिक्त जेल लोक अदालत, लीगल एड क्लीनिक ,अपील का अधिकार,नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक साक्षरता शिविर योजना 2015 के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में संजीव अरोड़ा अधिवक्ता, सुनील बाबू पिंगले,शेर सिंह यादव अधिवक्ता ,राजेश सक्सेना, आकर्ष अग्रवाल , अलोक भार्गव जेलर सहित उपजेल के अन्य पुलिस कर्मचारी और कैदी उपस्थित रहे।




# बगदरी एवं तिपनी में जनसहयोग से पुरानी तलैयों का नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार किया गया

**विशाल रजक तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

तेंदूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बगदरी में एवं अंतर्गत आने वाले आश्रित ग्राम तिपनी में लंबे समय से जीर्णोद्धार की राह देख रही दो तलैयों का जीर्णोद्धार कराया गया है जहां स्मॉल ग्रांट प्रोग्राम के सातवें चरण के अंतर्गत नई दिल्ली के सहयोग से सोसायटी फॉर रिसोर्स प्लानिंग डेवलपमेंट एंड रिसर्च भोपाल द्वारा बगदरी एवं तिपनी ग्राम में बनी पुरानी दो तलैयों का नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है जिससे अब गांव में पानी की समस्या का हाल होगा और जमीनी जलस्तर भी बना रहेगा तलैयों का नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार होने से ग्रामीणों में खुशी है संस्था के द्वारा दोनों तलैयों का नवीनीकरण व जीर्णोद्धार एवं मेड़ को ऊंचा किया गया है साथ ही तलैयों में गहराई व पिचिंग कार्य भी कराया गया है जिससे उनमें ठंड और गर्मी में भी पानी का भराव अधिक होगा जिससे जंगली जानवर एवं मवेशियों के लिए भी पानी की व्यवस्था बनी रहेगी साथ ही दोनों ग्रामों के लोगों को खेती में भी पानी की सुविधा मिले सकेंगी जमीनी जलस्तर भी बढ़ेगा लोग इस वर्ष दोनों जगह सिंघाड़े एवं मछली पालने का काम भी शुरू करेंगे




# नाला निर्माण में बाधाओं को हटाने एसडीएम ने लोगों को समझाया



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नवीन बसस्टैंड से लेकर ब्लेज पेट्रोल पंप बासौदा रोड नहर की पुलिया तक सड़क पर दोनों तरफ नाले का निर्माण होना है। वहीं बस स्टैंड से लेकर कृषि उपज मंडी तक सड़क के दोनों तरफ कई लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है।

यह लोग यहां से गुमठियों हटाते हुए नहीं आ रहे हैं कब्रिस्तानों के बाहर बड़ी संख्या में अतिक्रमण इससे लग कर सरकारी जगह पर नल का निर्माण नगर पालिका करवा रही है। अतिक्रमण धारियों को समझाएं देने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी पहुंचे और कहा कि जिन लोगों ने सरकारी जगह पर अतिक्रमण करके गुमठियां आदि रखी है वहां स्वयं ही हटा ले नहीं तो प्रशासन हटाने की कार्रवाई करेगा तो सामान भी जप्त किया जाएगा हटाने में जो खर्च आएगा भाई भी अतिक्रमण करने वालों से लिया जाएगा सड़क से 25 फीट जगह छोड़ देन यदि प्रशासन की समझाइश के बाद भी कोई अपना सामान नहीं हटाएगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करेंगे और बलपूर्वक हटाने का काम करेंगे नगर पालिका परिषद के द्वारा नाले का निर्माण करवाया जा रहा है जिसका भूमि पूजन पिछले दिनों विधायक उमाकांत शर्मा ने बस स्टैंड पर कार्यक्रम के दौरान किया था।

नाले के निर्माण में अतिक्रमण धारियों को यहां से समान हटाने को लिए लगातार नगरपालिका एलाउंसमेंट भी कर रही है। बस स्टैंड पर कब्रिस्तानों से लगकर बड़ी संख्या में गुमठी रखी हुई है। इनका यहां से हटाने को लिए शासन प्रशासन के अधिकारियोंको एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ेगा तभी यहां से अतिक्रमण है पाएगा यहां पर जिन लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। वहां समझने से नहीं मानेंगे पहले भी एक बार यहां से अतिक्रमण हटाने की करवाई कर चुका उस समय बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था तभी प्रशासन इनको यहां से हटा पाया था।

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को कुचला, मौत

विदिशा। गुलाबगंज रोड पर शुक्रवार देर रात करीब 3 बजे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान किशन कुशवाह के बेटे शिवेंद्र कुशवाह के रूप में हुई है। हादसे के समय शिवेंद्र अपने घर की ओर लौट रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि दोपहर में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, आरोपी की तलाश की जा रही है।

## कवर्ड कॉलोनी में खेत मालिक ने रास्ता बनाने के लिए जेसीबी से तोड़ी दीवार, केस दर्ज

**विदिशा।** हरिपुरा स्थित बालाजी इको सिटी कॉलोनी में शनिवार को खेत मालिक ने जेसीबी मशीन से कॉलोनी की पिछली दीवार को तोड़कर अपने खेत के लिए रास्ता बना लिया। इस घटना से कॉलोनी के निवासी दहशत में हैं, खासकर महिलाएं, जिन्होंने आरोपियों के खिलाफ थाने में जान से मारने के धमकी खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। बालाजी इको सिटी कॉलोनी एक कवर्ड कॉलोनी है, जिसके निवासी लंबे समय से अरोरा परिवार से परेशान हैं। खेत मालिक सुमित अरोरा और गर्वित अरोरा पहले भी दीवार तोड़ने का प्रयास कर चुके थे, जिसकी शिकायत रहवासियों ने प्रशासन से की थी। लेकिन, शनिवार को उन्होंने सारी हदें पार करते हुए जेसीबी मशीन से कॉलोनी की पिछली दीवार को तोड़ डाला।






# किन लोगों को किस उम्र में होता है हार्ट अटैक का सबसे ज्यादा खतरा? जाने

**Life&Style METRO**

ज 19-24 साल की उम्र वाले लोगों में हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या देखी गई है. आजकल 35 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों में 50 प्रतिशत तक दिल की बीमारी का खतरा बढ़ता है. जब अनहेल्दी कोलेस्ट्रॉल शरीर में काफी ज्यादा बढ़ने लगता है तो कई सारी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. पिछले कई सालों में युवाओं में अनहेल्दी कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की समस्या देखी गई है. यह एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है. 19-24 साल की उम्र वाले लोगों में हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या देखी गई है. आजकल 35 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों में 50 प्रतिशत तक दिल की बीमारी का खतरा बढ़ता है. आप इसका पता लिपिड प्रोफाइल स्क्रीनिंग का पता लगा सकते हैं. इस उम्र के लोगों को हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा रहता है डॉक्टर के मुताबिक भारत में दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा काफी तेजी से बढ़ रहा है. युवाओं में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल देखने को मिलते हैं. लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन और उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन होती है. कोलेस्ट्रॉल आपके दिल के लिए खतरनाक साबित हो सकता है.

### हाई कोलेस्ट्राल बन सकता बड़ा कारण

19-24 साल की उम्र वाले लोग को हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या होती है. यह खराब खानपान के कारण होता है. वहीं 35-50 साल की उम्र के दौरान दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा अक्सर सताता है. 10 में से 7 लोग हाई कोलेस्ट्रॉल की बीमारी से पीड़ित हैं. पुरुष हो या महिलाएं दोनों में हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या देखने को मिल रही है. मोटापा, धूम्रपान, जेनेटिक बीमारी, थायराइड की समस्या, अस्वास्थ्यकर आहार, हाई बीपी, फिजिकल एक्टिविटी न के बराबर करते हैं उन्हें हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या होती है.

### कई बार हो सकती है सीने होती है दर्द की समस्या

हाई कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण नसों में प्लाक बनने लगते हैं. जिसके कारण सीने में दर्द की समस्या होती है. जब नस में फैट जमा हो जाता है तो ब्लड सर्कुलेशन में काफी ज्यादा दिक्कत होती है. इसके कारण दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा रहता है. इसके कारण मृत्यु का जोखिम भी बढ़ने लगता है. कोलेस्ट्रॉल का लेवल और दिल की बीमारी और स्ट्रोक को मापने के लिए हर 6 महीने पर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करना काफी जरूरी होता है. पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए कोलेस्ट्रॉल का स्तर 200 mg/dL से कम होना चाहिए.

# गद्दाफी स्टेडियम की चूक से उपजे सवाल



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक



पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के ठीक पहले वहां की तैयारियों पर प्रश्नचिन्ह लग गए हैं। दरअसल पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच ट्राई वनडे सीरीज के पहले ही मैच में शनिवार को एक बड़ा हादसा देखने को मिला है। गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले के दौरान एक ऐसी घटना घटी जिसने सभी के रोंगटे खड़े कर दिए । लाहौर के इस स्टेडियम में खेले गए वनडे मैच में कैच पकड़ने के दौरान न्यूजीलैंड का फील्डर रचिन रविन्द्र चूक गये और गेंद उसके चेहरे पर आंख के पास जाकर लगी जिससे उनका चेहरा लहूलुहान हो गया और उसे आनन-फानन में मैदान से बाहर ले जाया गया। ऐसा माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड के युवा खिलाड़ी की चोट की वजह लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम की फ्लडलाइट्स में गेंद को ट्रैक करने में कठिनाई रही है। इसी वजह से कैच लेने के दौरान रवींद्र चूक गए और गेंद आंख के पास उनके चेहरे पर लग गई।ऐसा बताया जा रहा है कि न्यूजीलैंड बोर्ड ने आईसीसी से इस संदर्भ में शिकायत भी दर्ज की है। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की पूरी मेजबानी के लिए पूरा जोर लगाया था,लेकिन जब टीम इंडिया के इनकार की वजह से आधी मेजबानी मिली तो भी उतावलापन उतना ही रहा।आननफानन में तैयार हो रहे पाकिस्तान के स्टेडियम को लेकर पीसीबी की काफी आलोचना पहले ही हो रही है।सच तो यह है कि आईसीसी द्वारा दी गई समय सीमा तक पाकिस्तान के स्टेडियम तैयार ही नहीं थे।अब इस बड़े हादसे ने पाकिस्तान बोर्ड की तैयारियों की सारी पोल खोल दी है।अब देखना यह दिलचस्प रहेगा कि अगर न्यूजीलैंड बोर्ड इसकी अधिकृत शिकायत दर्ज करता है तो आईसीसी का फैसला क्या रहता है,क्योंकि इस तरह की तकनीकी लापरवाही की वजह से चैंपियंस ट्रॉफी में खिलाड़ियों की सुरक्षा सभी देशों के लिए गंभीर समस्या नजर आ रही है।

### विराट कोहली कर सकते हैं वापसी, सीरिज जीतना होगा अहम

# इंडिया-इंग्लैंड का मैच आज कटक में, भारत यहां 18 साल से नहीं हारा

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला आज खेला जाएगा। दोनों टीमें कटक के बाराबाती स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम ने 2007 से यहां 7 मैच खेले और एक भी नहीं गंवाया। टीम को यहां आखिरी हार 2003 में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। भारत फिलहाल सीरीज में 1-0 से आगे है। 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए भारत के लिए यह सीरीज काफी अहम है। इसी सीरीज से प्लेइंग कॉम्बिनेशन तय करना होगा। पहले मैच में कप्तान रोहित शर्मा ने यशस्वी जायसवाल और हर्षित राणा को डेब्यू का मौका दिया। वहीं, विराट कोहली घुटने में सूजन की वजह से नहीं खेल



सके थे। हालांकि, मैच के बाद शुभमन गिल ने कहा था कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है।

गिल ने कहा- उनकी (कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छा अभ्यास किया था, लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वे निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे। मैच जीतने के मामले में भारत आगे भारत और इंग्लैंड के बीच 108 वनडे मैच हुए। इसमें भारत का पलड़ा भारी रहा। टीम ने 59 में इंग्लैंड को हराया, वहीं इंग्लिश टीम 44 मैच जीत सकी।

विराट 14 हजार रन के करीब स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने के करीब हैं। उनके अभी 295 मैच में 13906 रन हैं। सीरीज में 94 रन बनाते ही उनके 14 हजार रन पूरे हो जाएंगे। वे ऐसा करने वाले तीसरे ही प्लेयर होंगे। विराट से पहले सचिन तेंदुलकर और कुमार संगाकारा 14 हजार प्लस रन बना चुके हैं। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और बल्लेबाज विराट कोहली का इंग्लैंड के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड रहा है। विराट सर्वाधिक रन बनाने वाले एक्टिव बैटर हैं। विराट ने 36 मैच में 42 की औसत से 1340 रन बनाए हैं।

# 3 रजत और 2 कांस्य के साथ आज मध्य प्रदेश ने किया पदकों का अर्ध शतक पूरा

## पदक तालिका में मध्य प्रदेश टॉप 4 में बरकरार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



उत्तराखंड नेशनल गेम्स 2025 में आज मध्य प्रदेश के खिलाडियों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मध्य प्रदेश के नाम कुल 50 पदक अर्जित करके मध्य प्रदेश का अर्धशतक किया पूरा । मॉडर्न पेंटाथलान, लेजर रन, व्यक्तिगत महिला वर्ग में मध्यप्रदेश की खिलाडी नेहा यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। वहीं एथलेटिक्स, 1,500 मी. दौड़ में व्यक्तिगत महिला वर्ग में मध्य प्रदेश की दीक्षा ने और व्यक्तिगत पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश के रितेश ओहरे ने कड़ी टक्कर से रजत पदक अपने नाम किया। रितेश मात्र 16 मिलिसेकंड से स्वर्ण पदक से चुक गए। एथलेटिक्स, 10,000 मी. दौड़ में व्यक्तिगत पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश के विनोद सिंह को कांस्य पदक कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा, वह मात्र 38.84 सेकंड से रजत पदक प्राप्त नहीं कर पाए। तायक्वोंडो, क्योरुगी अंडर 63द्मद्द, व्यक्तिगत पुरुष वर्ग मध्य प्रदेश के आदित्य प्रजापति ने कांस्य पदक अर्जित किया।

# अर्जुन ने जीता डब्ल्यूआर चेस मास्टर्स कप

### शतरंज: भारत के 21 वर्षीय युवा खिलाड़ी ने निर्णायक बाजी में फ्रांस के मैक्सिम लाग्रेव को दी शिकस्त

**लंदन. एजेंसी**

भारत के 21 वर्षीय युवा शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां खेले गए डब्ल्यूआर चेस मास्टर्स कप जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में कड़े संघर्ष के बाद आर्मगेडन मैच में फ्रांस के ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को मात दी। इस जीत से अर्जुन को 18 लाख रुपए की इनामी राशि और 27.84 फिडे सर्किट अंक भी हासिल हुए। इस टूर्नामेंट में अर्जुन ने हमवतन खिलाड़ी विदित गुजराती और सेमीफाइनल में आर प्रग्गनानंदा को शिकस्त दी थी।




**2800 रेटिंग अंक का आंकड़ा पार करने से चूके:** अर्जुन हालांकि 2800 रेटिंग अंक का आंकड़ा पार करने से चूक गए। वह अभी 2796.1 अंकों के साथ दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी हैं। दरअसल, लाग्रेव ने अर्जुन को लगातार दो क्लासिकल गेमों में ड्रॉ पर रोक दिया, जिससे भारतीय खिलाड़ी को नुकसान हुआ। हालांकि अर्जुन ने सभी तीन आर्मगेडन मैच जीते। अर्जुन ने कहा, मेरी रणनीति क्लासिकल गेम में ही उन्हें मात देने पर थी, लेकिन मैं इससे चूक गया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## इंटरव्यू: एक्टर नहीं कुछ और ही बनना चाहते थे आदित्य रॉय कपूर

आदित्य रॉय कपूर अभिनेता से पहले एक लोकप्रिय रेडियो जॉकी भी रह चुके हैं। हाल में ही करीना कपूर के शो 'व्हाट वीमेन वांट' पर बातचीत के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वो फिल्मों में नहीं आना चाहते थे। आदित्य रॉय कपूर बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता हैं। साल 2009 में 'लंदन ड्रीम्स' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले आदित्य, शुरु में अभिनेता बनना ही नहीं चाहते थे। आदित्य से पहले एक लोकप्रिय रेडियो जॉकी भी रह चुके हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वो फिल्मों में नहीं आना चाहते थे। साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'आशिकी 2' में अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाले आदित्य रॉय कपूर की पहली पसंद फिल्मी दुनिया नहीं, बल्कि क्रिकेट का मैदान था। अभिनेता ने करीना खान से बातचीत के दौरान बताया कि वो एक क्रिकेटर बनना चाहते थे।



## करण ने अक्षय से किया 'जॉली एलएलबी 3' की रिलीज डेट बदलने का आग्रह!

फिल्म निर्देशक और निर्माता करण जौहर ने हाल ही में अक्षय कुमार के साथ सी शंकरन नायर की बायोपिक की घोषणा की, जो मार्च 2025 में होली के मौके पर रिलीज होगी। यह घोषणा सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वहीं, अब इस खबर को लेकर नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, करण जौहर ने अक्षय कुमार से जॉली एलएलबी 3 की रिलीज की तारीख पर पुनर्विचार करने के लिए कहा है। जॉली एलएलबी 3, सी शंकरन नायर बायोपिक के ठीक 20 दिन बाद यानी 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली है। यह देखते हुए कि दोनों फिल्में कोर्ट रूम स्पेस में हैं, ऐसे में करण ने अक्षय से जॉली एलएलबी 3 की रिलीज को कुछ हफ्ते आगे बढ़ाने का अनुरोध किया है। बताया गया कि अक्षय कुमार, करण के अनुरोध पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, उनके निर्माता 2025 की गर्मियों में छुट्टियों की अवधि को छोड़ने में संकोच कर रहे हैं। कहा गया कि जॉली एलएलबी 3 को पहले दो हफ्तों में कई छुट्टियों के साथ एक आकर्षक तारीख मिली है और इसलिए यह एक कठिन निर्णय होने जा रहा है। वह करण द्वारा उठाए गए मुद्दों को समझते हैं, क्योंकि दोनों फिल्में एक ही शैली की हैं और इसलिए उन्होंने जॉली 3 के निर्माताओं के साथ चर्चा शुरू कर दी है।



## निखिल 'सलाम-ए-इश्क' के सेट पर बुरा बिहेव करते थे- अंजना, एक्ट्रेस-किसिंग सीन के लिए कहा गया, मेंटली प्रिपेयर होने का टाइम भी नहीं दिया

बॉलीवुड एक्ट्रेस अंजना सुखानी ने हाल ही में फिल्म सलाम-ए-इश्क के सेट के कुछ किस्से शेयर किए हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म के सेट पर उन्हें किसिंग सीन के लिए कहा गया था। इसके बाद वह रोना चाहती थीं क्योंकि उनके पास मना करने की पावर नहीं थी। फिल्म सलाम-ए-इश्क का डायरेक्शन निखिल आडवाणी ने किया था। एक्ट्रेस ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म के सेट पर उनका एक्सपीरियंस बहुत खराब रहा। अंजना ने बताया कि निखिल उनके साथ बुरा बिहेव करते थे। उन्हें अनिल कपूर के साथ किसिंग सीन करने के लिए मजबूर किया गया था। अंजना ने कहा कि उन्हें इसके लिए मेंटली प्रिपेयर होने का टाइम भी नहीं दिया गया था। बॉलीवुड हंगामा से बातचीत में अंजना ने कहा कि जब कोई नया होता है, तो दूसरे लोग सोचते हैं कि वे उनके साथ बुरा व्यवहार करके बच निकलेंगे क्योंकि उन्हें इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या स्टार किड्स के साथ भी इसी तरह का व्यवहार किया जाता है, तो अंजना ने उस समय का जिक्र किया जब उन्हें एक किसिंग सीन के लिए मजबूर किया गया था। किस को नाइट क्लब जैसे माहौल में शूट किया जाना था और अंजना को सेट पर जाने से ठीक पहले इसके बारे में पता चला। अंजना ने कहा- मुझे किस के बारे में नहीं बताया गया, आखिर तक, जब तक हम सीन शूट करने के लिए सेट पर नहीं गए, मुझे नहीं बताया गया। स्टार किड के साथ ऐसा नहीं होता है। अंजना से पूछा गया कि उन्होंने स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद इस पर सवाल क्यों नहीं उठाया? तो उन्होंने कहा- मुझे नहीं लगता कि मैं इस सिचुएशन में थी। मैं घबरा गई थी, मेरे आस-पास कोई भी नहीं था जिससे मैं इस बारे में बात कर पाती। मुझे बस इतना बताया गया कि तुम्हें यही करना है। अंजना ने कहा कि उन्होंने इस बारे में निखिल से कभी बात नहीं की और अभी भी इसको लेकर उनके मन में कुछ नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि अगर उन्होंने मना कर दिया होता तो क्या होता, तो अंजना ने कहा कि ऐसा भी हो सकता था कि उन्हें फिल्म से बाहर निकाल दिया जाता। बता दें, फिल्म सलाम ए इश्क 25 जनवरी, 2007 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, सलमान खान, जॉन अब्राहम, विद्या बालन, गोविंदा, जूही चावला, अनिल कपूर समेत कई कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आए थे।



### शाहरुख ने काजोल से एक्टिंग सीखने को कहा था

# एक्ट्रेस बोलीं- मैंने तीसरी फिल्म के बाद इंडस्ट्री छोड़ने का मन बना लिया था...

काजोल ने खुलासा किया है कि वो तीन फिल्में करने के बाद इंडस्ट्री छोड़ना चाहती थीं। लेकिन शाहरुख खान के एक सुझाव ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था। शाहरुख ने उनसे कहा था कि उन्हें एक्टिंग सीखना चाहिए, ताकि वे इस प्रोसेस का आनंद ले सकें। काजोल ने कहा कि वे फिल्में करके थक गई थीं। वे बस थोड़े-बहुत सीन्स वाली फिल्में करना चाहती थीं।

### शाहरुख के सुझाव से इंप्रेस हो गई थीं काजोल

एक इंटरव्यू में काजोल ने फिल्म उधार की जिंदगी में अपनी एक्टिंग को याद किया। यह उनके करियर की तीसरी फिल्म थी, जिसे इन्होंने 18 साल की उम्र में किया था। इस वक्त शाहरुख ने उन्हें एक्टिंग की तकनीक सीखने की सलाह दी थी। एक्टर के सुझाव से काजोल बहुत सरप्राइज हो गई थी। काजोल ने कहा, 'मुझे याद है कि मैंने फिल्म पूरी कर ली थी। उससे पहले शाहरुख ने कहा- तुम्हें पता है कि तुम्हें बस एक्टिंग करना सीखना है। इस पर मैंने कहा- यह क्या है? वह किस बारे में बात कर रहा है? बेशक, मैं शानदार काम कर रही हूं।'

### काजोल बोलीं- फिल्में करके थक गई थीं

हालांकि काजोल को जल्द ही एहसास हो गया था कि फिल्म एक्टिंग उन्हें पसंद आ रही है। लेकिन कुछ ही समय में फिल्में करने से उनका मन भर गया। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मैंने फिल्म उधार की जिंदगी की थी। जब मैं फिल्म खत्म कर रही थी, तब मैंने मां से कहा था- तुम्हें पता है मां, मेरा काम हो गया है। साढ़े 18 साल की उम्र में मेरा काम खत्म हो गया। मैं अब और नहीं कर सकती। मैं अब और नहीं रो सकती। मैं अब ग्लिसरीन नहीं डाल सकती। मैं नहीं कर सकती। मैं अब ये फिल्में नहीं करना चाहती। मैं बस चार सीन और 10 गाने करना चाहती हूं। मैंने ऐसी 4 फिल्में साइन की थी। इसके बाद ही मैंने एक्टिंग की तकनीक सीखी। उन्होंने आगे कहा, 'मैं उधार की जिंदगी फिल्म कर रही थी. मुझे याद है कि उस समय मैंने अपनी मां से कहा था कि मेरा अब हो गया. मैं पूरी तरह थक चुकी हूं. साढ़े 18 साल की उम्र में ही मैंने कह दिया था कि अब मुझसे नहीं होगा. अब मैं और नहीं हिल सकती, रो नहीं सकती और ग्लिसरीन भी नहीं लगा सकती. अब मैं ऐसी फिल्में नहीं करना चाहती हूं. मैं 4 सीन और 10 गानों वाली फिल्में करना चाहती थी. मैंने ऐसी चार फिल्में साइन कीं जैसे 'गुंडा राज' और हलचल. इसके बाद मैंने एक्टिंग की बारीकियां सीखी.' गौरतलब है कि काजोल इन दिनों अपनी थ्रिलर फिल्म 'दो पत्ती' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं. इसका डायरेक्शन शशांक चतुर्वेदी ने किया है और कहानी कनिका ढिल्लों ने लिखी है. इस फिल्म में कृति सेनन डबल रोल में नजर आएंगी जबकि काजोल एक पुलिस ऑफसर के किरदार में दिखेंगी. 'दो पत्ती' फिल्म 25 अक्टूबर, 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी. इससे पहले काजोल और कृति सैनन ने साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'दिलवाले' में साथ काम किया था.



# गुटके के थैले में गांजा ले जा रही महिला, 6 किलो किया बरामद

**क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक्सिस बैंक के सामने एमपी नगर से किया गिरफ्तार**



**भोपाल।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक्सिस बैंक के सामने एमपी नगर इलाके से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत एक लाख 30 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने बतया कि आरोपी महिला पान मसाला गुटके के थैले में गांजा छिपाकर ले जा रही थी। नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर एक्सिस बैंक के सामने एमपी नगर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम ने एक महिला को थैला लेकर ग्राउंड में जाते देखा। महिला का हुलिया मुखबिर के बताए हुलिए से मिल रहा था। लिहाजा पुलिस ने संदेही महिला को हिरासत में लेकर उसके थैले की तलाशी ली तो उसमें रखे खाकी रंग के पैकेट में कुल 6 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपी महिला का नाम किरण कुशवाह (31) निवासी शांति नगर, बरखेड़ा पठानी थाना गोविंदपुरा बताया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला पान मसाला गुटके के थैले में अवैध गांजा छिपाकर ले जा रही थी। पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि महिला अवैध गांजा कहां से लेकर आई थी और किन लोगों को सप्लाई करने की फिराक में थी।

# कैफे संचालिका को झांसा देकर ग्राहक तीन साल तक करता रहा दुष्कर्म

**बाग सेवनियां पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण आरोपी को पकड़ने की तलाश में छापेमारी**



**भोपाल।** बाग सेवनियां पुलिस ने कैफे संचालिका की शिकायत पर कथित प्रेमी के खिलाफ बलात्कार व दैहिक शोषण की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी शादी का प्रलोभन देकर तीन साल तक युवती का शोषण करता रहा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अयोध्या नगर की एक कॉलोनी में रहने वाली 28 साल की युवती के पिता किराने की दुकान चलाते थे। युवती भी पिता के साथ दुकान पर बैठती थीं। करीब चार साल पहले सचिन सिंह सिंगरोल का दुकान पर आना-जाना था। उसी दौरान जान-पहचान बढ़ाकर सचिन ने युवती से दोस्ती कर ली। कुछ दिनों बाद उसने युवती के सामने प्रेम का प्रस्ताव रख दिया। युवती ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इस बीच युवती के पिता का निधन हो गया। वह बाग सेवनियां इलाके की एक कॉलोनी में अपने चाचा के साथ आकर रहने लगी। युवती ने यहां चाय-नाश्ते का कैफे खोल लिया था। पुलिस ने बताया कि सचिन सिंह कैफे में आने लगा। इस बीच शादी का प्रलोभन देकर उसने युवती को अपने झांसे में ले लिया। जनवरी 2022 में सचिन सिंह बहाने से युवती के घर पहुंचा और जबरन उससे शारीरिक संबंध स्थापित किए। विरोध करने पर उसने जल्द ही शादी करने का झांसा दिया। इस के बाद उसने कई बार युवती के साथ संबंध बनाए। अंतिम बार पांच जनवरी को सचिन ने युवती से संबंध बनाए थे। युवती ने उस पर शादी का दबाव बनाया तो वह साफ मुकर गया। नतीजतन पीड़ित बाग सेवनियां थाने पहुंची और सचिन सिंह सिंगरोल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## पीतल मंदिर के पास हुआ हादसा, सिग्नल पर खड़ी कार को सामने से ठोका

# रेत से भरे डंपर ने ओला कैब को कुचला, वृद्धा की मौत, 4 घायल

**कैब में परिवार के साथ जा रही बुजुर्ग महिला को गंभीर हालत में हमीदिया में भर्ती किया था, तोड़ा दम**



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पीतल नगर मंदिर के पास शुक्रवार देर रात रेत से भरे तेज रफ्तार डंपर ने ओला कैब को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय कैब में परिवार के साथ जा रही बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। गंभीर हालत में उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई।

हादसे में मृतका की बेटी, दो नातिन व कार ड्राइवर भी घायल हुए हैं। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके पर डंपर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डंपर जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक आदिवासी मोहल्ला श्यामला हिल्स निवासी जन्नतुलनिसा पत्नी इब्राहिम (60) शुक्रवार रात एक शादी समारोह में शामिल होने परिवार सहित करोंद इलाके गई थीं। कार्यक्रम के बाद देर रात वह बेटी आफरानी, नातिन मनतशा व कहकशां के साथ ओला कैब से घर लौट रही थीं। टीटी नगर क्षेत्र में पीतल नगर मंदिर के पास रेत से भरे डंपर एमपी 04 जेडएफ 8288 ने ओला कार को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। क्षतिग्रस्त कार में फंसे घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल रवाना किया गया। ओला ड्राइवर सहित चारों को गंभीर चोट आई थी। हादसे के बाद से ही बुजुर्ग महिल जन्नतुलनिसा बेहोश थीं। शनिवार तड़के इलाज के दौरान मौत हो गई।

### सिग्नल पर रुकी थी ओला कैब

मृतका के भांजे सैयद अली अंसारी ने बताया कि मंदिर के पास सिग्नल पर गाड़ी खड़ी थी। ग्रीन सिग्नल होते ही चालक ने कैब आगे बढ़ा दी। तभी रेत से भरे डंपर ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी।

## कम सुनाई देने की वजह से ट्रेन की चपेट में आए बुजुर्ग की मौत

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उन्हें कम सुनाई देता था। पटरी पार करते समय उन्हें ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी और वह चपेट में आ गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस के मुताबिक निशातपुरा इलाके में रहने वाले कालूराम यादव (54) शुक्रवार शाम करीब पांच बजे काम करके अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान पटरी पार करते समय नारियलखेड़ा स्थित रेलवे पटरी पार करते समय उन्हें ट्रेन के इंजन का धक्का लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कालूराम को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### सामने से आ रहे पुलिस वाहन में घुसी बाइक, 3 घायल

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीपुल्स अस्पताल के सामने शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे भीषण हादसा हो गया। आगे-पीछे चल रही दो मोटरसाइकिलों में हुई टक्कर से एक मोटरसाइकिल सामने से आ रही तेज रफ्तार पुलिस वाहन में जा घुसी। हादसे में तीन युवकों को चोट लगी है। उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस की गाड़ी और मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा सड़क निर्माण एजेंसी की वजह से हुआ। बताया गया कि सड़क निर्माण एजेंसी ने पुलिस को बिना सुचना दिए एक तरफ का रोड बंद कर रखा था। इससे रास्ता वनवे हो गया। निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि घायलों की पहचान कालूराम साहू, भूपेन्द्र साहू, सचिन साहू के रूप में हुई है। तीनों आपस में रिश्तेदार हैं और काम करके घर लौट रहे थे।

# ग्रामीणों से 20 हजार में बैंक खाते खरीदे विदेशी साइबर ठगों को 50 हजार में बेचे

**शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ 43 लाख की ठगी मामले में दो और गिरफ्तार**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मोटी रकम का लालच देकर ग्रामीणों से बैंक खाते खुलवाकर उन खातों को विदेशी सायबर ठगों को बेचने वाले दो आरोपियों को भोपाल की सायबर सेल ने नागपुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। इनमें से मुख्य आरोपी टेलीग्राम के जरिए सायबर जालसाजों के संपर्क में आया था। उसने खातों की खरीद-फरोख्त के लिए चार गांव में एजेंट बना रखे थे। एजेंट लोगों के खाते खरीदते थे और फिर उन खातों को मुख्य आरोपियों को 20 हजार रपए में बेच देते थे। 20 हजार में खरीदे बैंक खाते विदेशों में बैठे सायबर ठगों को 50 हजार रुपए में बेच दिए जाते थे।

पुलिस के मुताबिक पिछले दिनों भोपाल में शेयर बाजार में निवेश के नाम पर एक करोड़ 43 लाख रुपए की सायबर ठगी का मामला सामने आया था। जिसमें खरीदे गए बैंक खातों से ठगी की रकम का लेनदेन हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाजिम अंसारी (28) निवासी रानीपुरा इंदौर और सैफ अली (28) निवासी आशीष विहार थाना खजराना इन्दौर को गिरफ्तार किया था। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने बैंक खातों की खरीद-फरोख्त करने वाले दो अन्य आरोपियों को नागपुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है।

### एक साल से कर रहा है खरीद-फरोख्त

पुलिस के मुताबिक 36 वर्षीय पिन्टू सुरेश नागपुर स्थित महाजन लेआउट हुडकेश्वर में रहता है। करीब एक साल पहले वह टेलीग्राम के जरिए सायबर ठगों के संपर्क में आया था। उसे मोटी रकम में खाते बेचने का ऑफर मिला तो पिंटू ने अपनी जान-पहचान के लोगों को बैंक खाते खरीदने का लालच देना शुरू कर दिया। उसका परिचित 33 वर्षीय थामस गणेश शेडमाके पिंटू के लालच में आ गया। उसने पांच लोगों के बैंक खाते 20 हजार रुपए में पिंटू को बेच दिए। इसे पिंटू ने दूसरे देश में बैठे सायबर ठग को बेचे। पुलिस को शंका है कि थामस की तरह ही पिंटू के अन्य कई गांवों में एजेंट हैं।

### लिंक पर क्लिक कराते पकड़ा आरोपी

आरोपी पिंटू पुलिस से बचने के लिए वाट्सएप का उपयोग करता है। वाट्सएप पर भी वह इंग्लैंड का मोबाइल नंबर चलाता है। इसके चलते पुलिस को उसके पते तक पहुंचने में परेशानी होती है। पुलिस ने पहले थामस से संपर्क किया। जब पिंटू नहीं मिला तो उसे एक लिंक पर क्लिक करने का झांसा दिया। लिंक पर क्लिक करते ही पुलिस को उसकी लोकेशन मिल गई और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# भैया कचरा गैंग के तीन सटोरिए गिरफ्तार, 22 हजार रुपए बरामद

**लेन-देन करने का हिसाब-किताब लिखीं हजारों की पर्चियां बरामद**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

क्राइम ब्रांच पुलिस ने टीला जमालपुरा इलाके में निगरानी बदमाश के घर दबिश देकर सट्टा खेलने और खिलाने वाले तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 22 हजार रुपए नगद व हिसाब-किताब के रजिस्टर के अलावा मोबाइल फोन भी जब्त हुए हैं। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली के हरिजन बस्ती थाना टीला जमालपुरा स्थित मकान नंबर 3 में जुबैर नाम का लड़का सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने मकान पर दबिश दी, जहां तीन लड़के पर्चियों पर सट्टे का नंबर लिखते मिले। पूछताछ में उनकी पहचान जुबैर खान (32) निवासी हरिजन बस्ती टीला जमालपुरा, असगर अंसारी (32) निवासी मल्टी वाजपेयी नगर शाहजहांनाबाद और शाहवाज खान उर्फ शाहवर (19) निवासी शाहजहांनाबाद के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से हजारों का हिसाब-किताब लिखी 8 सट्टा नंबर की पर्चियां और 22 हजार से अधिक की नगदी बरामद हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### सरगना भैया कचरा की सरगर्मी से तलाश

एडिशनल डीसीपी क्राइम शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मामले में कितने लोगों की भूमिका है, इसका पता लगाया जा रहा है। गिरोह के सरगना भैया कचरा की भी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी जुबैर खान टीला जमालपुरा थाने का निगरानी बदमाश है। उसके दोनों साथियों पर भी कई अपराध दर्ज हैं। इनका सरगना हरिजन बस्ती में रहने वाला भैया उर्फ कचरा है। कचरा के खिलाफ मारपीट, अड़ीबाजी और जुआ एक्ट के तहत कई प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

### मोतीनगर: बदला ट्रैफिक

**भोपाल।** नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम रविवार 9 फरवरी को मोतीनगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाएगी। इस दौरान इलाके का मार्ग परिवर्तित रहेगा। इसके अनुसार प्रभात चौराहा, मैदा मिल, रचना टॉवर, मेहता मार्केट, सेवंतिका पेट्रोल पंप होकर चेतक ब्रिज तक परिवर्तित रहेगा। वैकल्पिक मार्ग में प्रभात चौराहा से आईटीआई तिराहा, सिक्युरिटी लाइन, केरियर कॉलेज होकर चेतक ब्रिज की ओर आवागमन कर सकेंगे।

**मेट्रो एंकर** सीएपीएफ कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में दस्तावेज चैक करने पर हुआ खुलासा, परीक्षार्थी की तलाश करने पुलिस बल मुरैना रवाना

# दोस्त की परीक्षा देने पहुंचा, 50 हजार के लिए सॉल्वर बना मुन्नाभाई गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राधारमन कॉलेज रातीबड़ में शुक्रवार को आयोजित सीएपीएफ (केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल) कॉस्टेबल भर्ती परीक्षा में मूल परीक्षार्थी की जगह साल्वर बनकर परीक्षा देने पहुंचे मुन्नाभाई को परीक्षा आयोजित कराने वाली कंपनी के अधिकारियों ने दबोचकर पुलिस के हवाले किया है।

प्रवेश पत्र में चस्पा फोटो और फेसमैच का मिलान नहीं होने पर संदेही से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने 50 हजार रुपए में साल्वर बनकर परीक्षा में बैठने की बात कुबूल की। सूचना मिलने पर पहुंची रातीबड़ पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



### भोपाल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है आरोपी, पहले दिल्ली में दोनों रहते थे साथ

थाना प्रभारी रासबिहारी शर्मा ने बताया कि आरोपी सुनील ठाकुर मूलरूप से मंडला का रहने वाला है और यहां भोपाल में रहकर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। वह मुरैना में रहने वाले परीक्षार्थी मनोज गहलोत का दोस्त है। दोनों कुछ समय पहले दिल्ली में साथ रहकर काम करते थे। पुलिस ने मनोज गहलोत को भी आरोपी बनाया है। उसकी तलाश में पुलिस टीम मुरैना रवाना हो गई है।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम बड़कुई जिला छिंदवाड़ा निवासी मयंक पाल (36) यहां पीयूष नगर अवधपुरी में रहते हैं और टीसीएस कंपनी में वेन्यू कमांडिंग ऑफिसर हैं। यह कंपनी प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित कराती है। उसी के तहत विगत सात फरवरी शुक्रवार को राधारमन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन कॉलेज रातीबड़ में एसएससी-जीडी कांस्टेबल की परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की जा रही थी। इस परीक्षा के इंचार्ज मयंक पाल थे। परीक्षा का समय प्रथम पाली नौ बजे से दस बजे तक, दूसरी पाली 12 बजे से एक बजे तक थी।

दूसरी पाली में रोल नंबर 6001019545 का परीक्षार्थी मनोज गहलोत पुत्र राजवीर गहलोत (23) निवासी पोरसा अंबाह हिंगावली मुरैना का नाम था। परीक्षार्थियों के परीक्षा रूम में जाने से पहले प्रशांत कश्यप वेन्यू एडमिन मैनेजर की ड्यूटी परीक्षार्थियों के दस्तावेज चैक करने के लिए लगाई गई थी।

दस्तावेज चैक करने पर पता चला कि मनोज गहलोत की जगह सुनील ठाकुर उसकी परीक्षा देने के लिए उपस्थित हुआ है। उसके प्रवेश पत्र में चस्पा फोटो परीक्षार्थी मनोज गहलोत के प्रवेश पत्र से मैच नहीं हुआ। रजिस्ट्रेशन मशीन से मिलान करने पर भी सुनील ठाकुर का फेस मिसमैच पाया गया। संदे होने पर सुनील ठाकुर से कॉलेज में ही बारीकी से पूछताछ की गई। सुनील ने बताया कि मनोज गहलोत ने उसे साल्वर के रूप में परीक्षा में बैठने के लिए भेजा है।

परीक्षा में बैठने के लिए उसने 50 हजार रुपए देने का वादा किया है। परीक्षा के बाद वह उसे 50 हजार रुपए देने वाला है। आरोपी सुनील ठाकुर को पकडने के बाद फरियादी मयंक पाल ने आब्जर्वर भूपेन्द्र गोयल को घटना से अगवत कराया और इसके बाद कंपनी के अधिकारियों के निर्देश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराने रातीबड़ थाने पहुंचे। पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया था। परीक्षा आयोजित कराने वाली कंपनी की ओर से पुलिस को जाली प्रवेश पत्र, आधार कार्ड की कॉपी, फोटो, सीसीटीवी फुटेज आदि दस्तावेज उपलब्ध कराए हैं।

### कर्मचारी चयन आयोग कराता है परीक्षा

एसएससी-जीडी कॉन्स्टेबल, परीक्षा कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) आयोजित कराता है। यह परीक्षाए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत आने वाले केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की भर्ती के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षा, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल टेस्ट पास करना होता है।

## ट्रेन में यात्रा कर रही महिला के जेवर चोरी

**भोपाल।** भोपाल बिलासपुर एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक बुजुर्ग महिला का पर्स चोरी चला गया। चोरी गए पर्स में करीब 90 हजार रुपए का सामान रखा हुआ था। ट्रेन में बैठने के दौरान महिला का सीट को लेकर दो अन्य महिलाओं से विवाद भी हुआ था। जानकारी के मुताबिक फरियादिया रमा परमार (69) अपने परिवार के साथ भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस से गंजबासौदा से अनूपपुर की यात्रा कर रही थीं। सामान ज्यादा होने की वजह से सीट को लेकर दो महिलाओं से उनकी बहस हुई थी। ट्रेन जब मंडी बामौरा पहुंची तो महिला ने नाश्ता लिया और पैसे देने के लिए पर्स निकालना चाहा तो बैग में रखा छोटा पर्स गायब था। चोरी गए पर्स में एक सोने की चेन, सोने का हार, तीन सोने की अंगूठी, सोने के दो कंगन, 13 हजार रुपए नगद व एटीएम कार्ड और घर की चाबी समेत करीब 90 हजार रुपए का सामान रखा हुआ था। जीआरपी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022